प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी भोपाल

दिनांक : 01.05.2025 समय : 07.10 PM

मुख्य समाचार,

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुंबई में वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट- वेव्स 2025 का किया उद्घाटन।
- मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत कल प्रदेश में 'लाड़ली लक्ष्मी उत्सव' मनाया जाएगा।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा इस देश की भूमि से आतंकवाद हटाने का संकल्प होगा सिद्ध।
- प्रदेश के कई स्थानों पर बारिश और तेज आंधी के लिए यलो अलर्ट जारी।

**प्रधानमंत्री वेव्स**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मुंबई में वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट-वेव्स 2025 के उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि देश फिल्म निर्माण, डिजिटल कंटेंट, गेमिंग, फैशन, संगीत और लाइव कॉन्सर्ट के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि वैश्विक एनीमेशन बाजार में अपार संभावनाएं हैं। वर्तमान में यह बाजार 4 खरब 30 अरब डॉलर से अधिक का है और अगले दशक में इसके दोगुना होने की संभावना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत के एनीमेशन और ग्राफिक्स उद्योग के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। श्री मोदी ने कहा कि वेव्स केवल एक संक्षिप्त नाम नहीं है, बल्कि यह संस्कृति, रचनात्मकता और सार्वभौमिक संपर्क का प्रतिनिधित्व करने वाली लहर है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय फिल्में अब दुनिया के हर कोने में पहुँच रही हैं और आज भारतीय फिल्में 100 से अधिक देशों में प्रदर्शित होती हैं। उन्होंने कहा कि देश में ओटीटी क्षेत्र में प्रभावशाली वृद्धि हुई है। श्री मोदी ने कहा कि क्रिएट इन इंडिया, क्रिएट फॉर द वर्ल्ड का यह सही समय है।

**वेव्स-2025**

चार दिवसीय वेव्स-2025 सम्मेलन में विभिन्न सत्रों में फिल्मी हस्तियां और मनोरंजन क्षेत्र के दिग्गज भाग ले रहे हैं। आकाशवाणी के साथ बात करते हुए अभिनेता जैकी श्राफ ने कहा कि देश को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए यह सरकार का बड़ा कदम है।

गीतकार प्रसून जोशी ने कहा कि अब समय आ गया है कि भारत को क्रिएटर की तरह से देखा जाए।

सम्मेलन में कल केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन, मंत्रालय द्वारा जारी अपनी तरह के पहले श्वेत पत्र "भारत की लाइव इवेंट अर्थव्यवस्था: एक रणनीतिक विकास अनिवार्यता" जारी करेंगे। यह पत्र देश के तेजी से बढ़ते लाइव मनोरंजन उद्योग का व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत करता है। इसमें उभरते रुझानों, विकास पथों और क्षेत्र के निरंतर विकास के लिए रणनीतिक सिफारिशों पर प्रकाश डाला गया है।

## लाड़ली लक्ष्मी योजना

मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना अन्तर्गत कल प्रदेश में 'लाड़ली लक्ष्मी उत्सव' जिला, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत पर मनाया जाएगा। इसमें स्थानीय प्रतिनिधि, लाड़ली बालिकाएं, उनके अभिभावक, लाड़ली क्लब की अध्यक्ष और सदस्य सक्रिय रूप से भाग लेंगे। लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का संचालन स्वयं लाड़ली बालिकाओं द्वारा किया जाएगा। इसमें कन्या-पूजन, लाड़ली बालिकाओं के प्रेरक उद्बोधन और 'अपराजिता' कार्यक्रम अन्तर्गत मार्शल आर्ट का प्रदर्शन जैसे विशेष कार्यक्रम शामिल है। इस उत्सव के जरिये बेटियों के सम्मान और सशक्तिकरण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। "एक पेड़ लाड़ली लक्ष्मी के नाम" अभियान में जन-प्रतिनिधियों और बालिकाओं द्वारा पौध-रोपण भी किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री कृषि मेला

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कृषि नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिये 3 मई को मंदसौर में एक दिवसीय राज्य स्तरीय कृषक सम्मेलन एवं कृषि उद्योग समागम-2025 का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, कृषि मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना, के साथ जन-प्रतिनिधि, कृषक, उद्यमी, निर्यातक एवं एफपीओ प्रतिनिधि भाग लेंगे। मुख्यमंत्री खाद्य प्र-संस्करण के क्षेत्र में कार्य करने के लिये इच्छुक निवेशकों के साथ संवाद भी करेंगे, जिससे नये निवेशक मंदसौर जिले में निवेश के लिये आकर्षित होंगे और उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। जिले के सीतामऊ में किसान मेला एवं एग्री-हॉर्टी एक्सपो का भी आयोजन किया जायेगा।

## अमित शाह आतंकवाद

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पहलगाम आतंकी हमले पर कहा है कि सरकार ने चाहे उत्तर पूर्व हो, चाहे वामपंथी उग्रवाद का क्षेत्र हो या चाहे कश्मीर पर पड़ी आतंकवाद की छाया हो हर चीज का मजबूती के साथ जवाब दिया है। अपने क्षेत्र के सम्मान और अधिकार की आजीवन लड़ाई लड़ने वाले बोडोफा उपेन्द्रनाथ ब्रह्मा की पुण्यतिथि पर दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में श्री शाह ने कहा कि इस देश की इंच-इंच भूमि से आतंकवाद को मूल समेत उखाड़ने का हमारा संकल्प है और वह सिद्ध होकर रहेगा।

**मुख्यमंत्री आज**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज खंडवा जिले के हरसूद में आयोजित तेंदूपत्ता, वन समितियों और जनजातीय सम्मेलन में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा सम्मेलन में बुजूर्गो के लिए स्मार्ट छड़ी वितरण एवं विभिन्न हितलाभ वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम में भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम कहा कि सरकार हर वर्ग के लिए काम कर रही है, तेंदूपत्ता संग्राहकों की बोनस राशि 3 हजार से बढ़ाकर 4 हजार रूपये कर दी हैं। मुख्यमंत्री ने हरसूद में लोकर्पित सिवल अस्पाताल का नाम संत बुखार दास जी पर किया जाने की घोषणा की।

**श्रमिक दिवस**

आज अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ग्वालियर जिले में 10 जरूरतमंद महिलाएँ शक्ति दीदी बनी हैं। इन सभी महिलाओं ने जिले के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी संभाली। पन्ना मे गांधीग्राम, जनकपुर में विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया। इस अवसर पर नालसा योजना 2015 अंतर्गत उपस्थित श्रमिकों एवं महिलाओं को विधिक योजनाओं की जानकारी दी गई। अशोकनगर में इंदिरा पार्क में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

**मौसम**

प्रदेश के कई हिस्सो में गरज चमक के साथ हल्की बारिश हो रही हैं। आलोट, हाटपिपल्या, आगर, तराना सहित अन्य स्थानों पर बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने भोपाल, नर्मदापुरम, नीमच और निवाड़ी सहित 33 जिलों में तेज हवा और बारिश के लिए यलो अलर्ट जारी किया हैं। इस बीच प्रदेश में सर्वाधिक तापमान 43 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस खरगौन में दर्ज किया गया।

इसके अलावा खंडवा, रतलाम, गुना और नरसिंहपुर जिलो में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से अधिक बना हुआ हैं।

## समाचार संक्षेप

- वस्तु और सेवा कर-जीएसटी संग्रह में अप्रैल माह में 12 दशमलव छह प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह अब तक के सबसे अधिक दो लाख 37 हजार करोड रुपये पर पहुंच गया।
- रतलाम जिले ग्राम अम्बोदिया की छात्रा हेमलता धाकड़ ने बीकानेर में आयोजित अंतर विश्वविद्यालय साइकलिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया।
- रायसेन कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने ग्राम चिलवाहा के आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होने दर्ज बच्चों की संख्या तथा उपस्थिति पोषण आहार वितरण टीकाकरण की जानकारी ली।
- नीमच जिले की पंचायतों एवं नगरीय निकायों के वार्डो में ई-केवाईसी, एवं फार्मर रजिस्ट्री के लक्ष्यों की पूर्ति के लिए तीन दिवसीय विशेष अभियान आज से प्रारंभ किया गया हैं।
- आईपीएल टी20 क्रिकेट में अब से कुछ देर बाद राजस्थान रॉयल्स का जयपुर में मुंबई इंडियंस से मुकाबला होगा।

--------------------